प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भारतीय वायु सेना आज अपना 92वें वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायु सेना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि वायु सेना को उसके साहस और दक्षता के लिए सराहा जाता है तथा राष्ट्र की रक्षा में उसकी भूमिका प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री ने वायु सेना की सफलता को उजागर करने वाले एक वीडियो को भी साझा किया और बताया कि कैसे यह 21वीं सदी में सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक बन गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गगन के प्रहरी वीर जवानों और सभी देशवासियों को वायु सेना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सभी वीर जवानों की अटूट कर्तव्यनिष्ठा पर देश को गर्व है।

000

दिसम्बर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान टूरिज्म प्री–समिट का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। पर्यटन कला और संस्कृति तथा पुरातत्व शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि इस दौरान लगभग 142 एमओयू किये जाएंगे। इससे 58 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्री समिट में प्रदेश के निवेशक पर्यटन से जुड़ी नई संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वहीं, इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल चार दिन के सिंगापुर दौरे पर है।

000

इस बार हज यात्रा के लिए प्रदेश से आवेदन करने वाले सभी लोगों का चयन किया गया है। राजस्थान राज्य हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी अबु सुफियान चौहान ने बताया कि हज के लिए सभी चयनित यत्रियों को प्रति हज यात्री 1 लाख 30 हजार 300 रुपये की राशि 21 अक्टूबर तक जमा करानी होगी। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को 23 अक्टूबर तक जरूरी दस्तावेज हज हाउस कार्यालय में जमा कराना होगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नयी दिल्ली में 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार वर्ष 2022 के लिये दिये जाएंगे। इस अवसर पर विख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

000

भरतपुर में आज से जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेले की शुरूआत हुई। जिला कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर इसका शुभारम्भ किया। दस दिवसीय मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं होंगी। मेले में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और मध्यप्रदेश सहित कई प्रांतों के व्यापारी पहुंचे हैं। पशु पालन विभाग की ओर से लगाये गए इस मेले में पशुओं की खरीद फरोख्त के लिये दूरदराज क्षेत्रों के लोग आ रहे हैं। मेले के दौरान 11 से 13 अक्टूबर तक कुश्ती दंगल के आयोजन भी होंगे। 12 अक्टूबर को रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। मेले में सरकारी और गैर सरकारी विभागों की ओर से केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई है ।

000

शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां की स्तुति करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की है कि देवी कात्यायनी सभी श्रद्धालुओं के जीवन में शक्ति और साहस का संचार करे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

ने मां कात्यायनी को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि आदिशक्ति मां दुर्गा के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की असीम कृपा सभी प्रदेशवासियों पर अनवरत बनी रहे।

000

दीपावली के अवसर पर सरस ब्रांड की मिठाइयाँ, अलवर डेयरी का कलाकंद और बीकानेर का रसगुल्ला राज्यभर की सभी डेयरियों पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। राजस्थान कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि प्रदेशभर के ज़िला दुग्ध संघ इस बार दीपावली पर उपभोक्ताओं को सरस दूध और घी से बनी मिठाइयाँ उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघों को मिठाइयों के निर्माण के समय हाइजीन, सैनिटेशन और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं।

000